भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1752
सोमवार, 31 जुलाई, 2023/09 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देना

1752 श्री संजय सेठ:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा देश में जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना चलाई जा रही है;

(ख) यदि हां, तो देश में इससे कितने राज्य जुड़े हैं;

(ग) क्या सरकार ने झारखंड में जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय जनजातीय पर्यटन उत्पादों सहित देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों को समग्र रूप से बढ़ावा देता है। पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्यत संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन और तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार तथा आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) नामक अपनी योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके परामर्श से योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन, निधियों की उपलब्धता आदि की शर्त पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय ने जनजातीय परिपथ थीम में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत देश में 4 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनका ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग) और (घ): मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत झारखंड राज्य में वर्ष 2018-19 में 30.11 करोड़ रुपये की राशि से इको पर्यटन परिपथ - दलमा-बेतला राष्ट्रीय उद्यान - मिरचैया-नेतरहाट के विकास के लिए एक परियोजना को मंजूरी दी है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय आदिवासी बहुल क्षेत्रों में धार्मिक महोत्सवों सहित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्यों/संघ

राज्य क्षेत्रों को मेलों और महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों जैसे संगोष्ठी, कॉन्क्लेव, सम्मेलन आदि के आयोजन के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पर्यटन मंत्रालय की आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना (डीपीपीएच) के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले मेलों और महोत्सवों की झारखंड सहित राज्य-वार सूची अनुबंध-**II** में दी गई है।

इसके अलावा, सतत और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्य के विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में परिवर्तित किया गया है और एसडी 2.0 के तहत झारखंड में विकास के लिए 'चांडिल' को एक गंतव्य के रूप में चिह्नित किया गया है।

*******

अनुबंध-I

जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देना के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1752 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के जनजातीय परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है:

(राशि करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वर्ष | परियोजना का नाम/स्वीकृति का वर्ष | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नागालैंड | (2015-16) | पेरेन-कोहिमा-वोखा में परिपथ का विकास | 97.36 | 92.49 |
| 2. | छत्तीसगढ़ | (2015-16) | जशपुर-कुनकुरी-मैनपाट-अंबिकापुर-महेशपुर-रतनपुर-कुर्दर-सरोदादर-गंगरेल-कोंडागांव-नथियानवागांव-जगदलपुर-चित्रकूट-तीर्थगढ़ का विकास। | 96.10 | 94.23 |
| 3. | तेलंगाना | (2016-17) | मुलुगु-लकनावरम-मेदावरम-तडवई-दमारावी-मल्लूर-बोगाथा झरने का विकास। | 79.87 | 79.87 |
| 4. | नागालैंड | (2016-17) | मोकोकचुंग-तुएनसांग-मोन का विकास | 98.14 | 93.24 |

*******

अनुबंध-**II**

जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देना के सम्बन्ध में दिनांक 31.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1752 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में विवरण

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना (डीपीपीएच) के अंतर्गत मेलों और महोत्सवों की राज्य-वार सूची

(लाख रु. में)

| राज्य का नाम | वर्ष | मेलों और महोत्सवों के नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| असम | 2021-22 | भोगली महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | रोंगोली त्योहार | 25.00 | 25.00 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2019-20 | रिवर ट्राइब का एंगलिंग महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | मियाओ में बटरफ्लाई मीट | 25.00 | 25.00 |
| | 2020-21 | पैक्के से पैडल | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | ईस्ट्रली एसेंस लेदुम महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | संगीत और रोमांच का ऑरेंज महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2022-23 | सी डोनी महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | ऑरेंज महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| बिहार | 2019-20 | सोनपुर मेला | 25.00 | 25.00 |
| | | राजगीर महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| चंडीगढ़ | 2019-20 | विश्व पर्यटन दिवस | 10.00 | 10.00 |
| | | चंडीगढ़ कार्निवल | 10.00 | 10.00 |
| | | रोज महोत्सव | 10.00 | 10.00 |
| | 2021-22 | चंडीगढ़ कार्निवल महोत्सव और | 10.00 | 10.00 |
| | | न्यू ईयर एक्सट्रावेगंजा | 10.0 | 10.0 |
| | | 50वां चंडीगढ़ रोज महोत्सव | 10.00 | 10.00 |
| छत्तीसगढ़ | 2019-20 | राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव | 20.00 | 20.00 |
| गोवा | 2020-21 | कार्निवल महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | शिग्मो महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | कार्निवल महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | शिग्मो महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| हरियाणा | 2019-20 | मेंगो मेला | 25.00 | 25.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | विरासत महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला | 30.00 | 15.00 |
| | 2021-22 | सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला | 30.00 | 15.00 |
| हिमाचल प्रदेश | 2019-20 | अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | शिवरात्रि महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2022-23 | अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| झारखंड | 2019-20 | भैरवनाथ महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | शरद महोत्सव, नेहतरहाट | 25.00 | 25.00 |
| कर्नाटक | 2019-20 | हंपी महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| केरल | 2019-20 | केरल होम स्टे और टूरिज्म सोसाइटी द्वारा होम स्टे और ग्रामीण पर्यटन यात्रा बैठक | 10.00 | 10.00 |
| | | 67वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | 9वांसरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| लेह और लद्दाख | 2019-20 | लोसर महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| मध्य प्रदेश | 2019-20 | पचमढ़ी महोत्सव, पचमढ़ी | 10.00 | 10.00 |
| | | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 15.00 | 15.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2020-21 | बैगा ओलंपिक | 20.00 | 20.00 |
| | 2021-22 | पचमढ़ी महोत्सव, पचमढ़ी | 10.00 | 10.00 |
| | | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 25.00 | 25.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | 2022-23 | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 25.00 | 25.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| मणिपुर | 2019-20 | संगाई महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | युवा साहसिक और जल क्रीड़ा महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| मेघालय | 2019-20 | वांगला नृत्य | 25.00 | 25.00 |
| | | नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | वांगला नृत्य | 25.00 | 25.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| मिजोरम | 2019-20 | एंथुरियम महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | शीतकालीन महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2020-21 | एंथुरियम महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | शीतकालीन महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | एंथुरियम महोत्सव और | 25.00 | 25.00 |
| | | शीतकालीन महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| नागालैंड | 2019-20 | हॉर्नबिल महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | थुवु-नी महोत्सव | 10.00 | 10.00 |
| | | सुखरून्ये महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | 2021-22 | हॉर्नबिल महोत्सव | 20.00 | 20.00 |
| | | अंगामी का सेक्रेनी महोत्सव | 10.00 | 10.00 |
| पुद्दुचेरी | 2021-22 | पुडुचेरी में 27वां योग महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | | यानम पीपुल्स महोत्सव | 7.00 | 7.00 |
| | | कराईकल में कार्निवल महोत्सव | 8.00 | 8.00 |
| पंजाब | 2019-20 | सूफी महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | होलामोहल्ला महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन, जालंधर | 25.00 | 25.00 |
| | | श्री आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला | 25.00 | 25.00 |
| सिक्किम | 2019-20 | विश्व पर्यटन दिवस, गंगटोक | 25.00 | 25.00 |
| | | रेड पांडा शीतकालीन महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2020-21 | रेड पांडा विंटर कार्निवल | 25.00 | 25.00 |
| | | जोरथांगमाघी मेला | 12.50 | 12.50 |
| | | पेलिंग शीतकालीन पर्यटन महोत्सव | 12.50 | 12.50 |
| | 2021-22 | चेरी टेमी चाय और पर्यटन महोत्सव, टेमी टी गार्डन, दक्षिण सिक्किम | 12.50 | 12.50 |
| | | खांगचेन्दोंगा विंटर कार्निवल महोत्सव | 12.50 | 12.50 |
| | | जोरथांगमाघी मेला | 25.00 | 25.00 |
| त्रिपुरा | 2019-20 | (i) खारची मेला नीरमहल<br>(ii) दिवाली मेला | 42.00 | 42.00 |
| | 2020-21 | भारत बांग्ला महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| तमिलनाडु | 2019-20 | भारतीय नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कुमारी महोत्सव | 10.00 | 10.00 |
| | | पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | 2021-22 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2022-23 | मामल्लापुरम में भारत नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| तेलंगाना | 2019-20 | बथुकम्मा महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | पतंग महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2021-22 | बथुकम्मा महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | मुनुगु में मेदाराम जतारा | 25.00 | 25.00 |
| उत्तराखंड | 2019-20 | अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव और टिहरी महोत्सव | 50.00 | 50.00 |
| उत्तर प्रदेश | 2019-20 | गंगा महोत्सव-वाराणसी | 15.00 | 15.00 |
| | | दीपोत्सव, अयोध्या | 25.00 | 25.00 |
| | | ताज महोत्सव, आगरा | 10.00 | 10.00 |

*******